बर्षः- 06
अंकः- 28
मुरादाबाद
(Tuesday)
19 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## योगी से मिलने बिहार से पहुंची महिला, बोली- आपके दर्शन करेके रहल त आ गइलीं, सीएम ने कही बात

### पंचायत आरक्षण आयोग, 1010 बेड अस्पताल समेत 12 प्रस्ताव पास



जनता दर्शन में सीएम योगी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कहा कि घबराइए नहीं हर समस्या का समाधान कराएंगे। इस मौके पर योगी से मिलने बिहार से एक महिला पहुंची। कहा कि आपके दर्शन करेके रहल त आ गइलीं। सीएम ने कहा कि गर्मी बहुत है। अकारण बाहर न निकलें।राजधानी लखनऊ में सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से कहा कि घबराइए नहीं हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।सीएम ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें। समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराएं।इस मौके पर सीएम ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी प्रतिबद्धता है। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले। जरूरतमंदों को समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

भीषण गर्मी में अकारण घर से न निकलें- जनता दर्शन में बिहार से पहुंची एक महिला ने स्थानीय भाषा में बात करते हुए सीएम से मिली। सीएम ने उनसे पूछा कि कहां से आई हैं? आपको क्या परेशानी है? इस पर महिला ने कहा कि %महाराज जी प्रणाम! कवनो दिक्कत नाही बा, बस आपके दर्शन करेके रहल त आ गइलीं%। सीएम योगी ने उनका अभिवादन किया। उनसे कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में अकारण घर से न निकलें। परिवार के सभी लोगों का भी विशेष ध्यान रखें।

योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनावों के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठन समेत 12 अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली। लखनऊ मेट्रो विस्तार, 1010 बेड अस्पताल और पशु चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाने जैसे फैसलों पर भी मुहर लगी। इन निर्णयों को चुनावी और विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठन को मंजूरी सबसे चर्चित फैसला रहा। इसके अलावा लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंतकुंज कॉरिडोर के एमओयू को हरी झंडी मिली, जबकि पशु चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाकर 12000 हजार प्रतिमाह कर दिया गया। कैबिनेट के फैसलों को आगामी चुनावों और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।पंचायत चुनाव के लिए ओबीसी आयोग गठन को मंजूरी- कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनाव और वेटनरी छात्रों से जुड़े दो बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई।

सरकार ने पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को हरी झंडी दे दी है। आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। आयोग का कार्यकाल छह महीने निर्धारित किया गया है। सरकार के अनुसार, आयोग पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगा। इसके बाद ही पंचायत चुनावों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। माना जा रहा है कि आयोग की रिपोर्ट नवंबर 2026 तक सामने आ सकती है। ऐसे में पंचायत चुनाव अब विधानसभा चुनाव 2027 के बाद होने की संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी 2025 को हाईकोर्ट ने सरकार को आयोग गठन का निर्देश दिया था। वेटनरी छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ा- कैबिनेट बैठक में पशु चिकित्सा के छात्रों को भी बड़ी राहत दी गई। बीवीएससी एंड एएच (बैचलर ऑफ वेटनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंड्री) के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न वेटनरी कॉलेजों में हर साल करीब 2 हजार से 2,500 छात्र प्रवेश लेते हैं। वर्तमान में यूपी में 10 हजार से अधिक वेटनरी छात्र अध्ययन कर रहे हैं। सरकार के इस फैसले से छात्रों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर – प्रयाराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल का विस्तार के लिए जमीन चिकित्सा शिक्षा विभाग को दी जाएगी। इससे प्रयागराज और आसपास के जिलों के मरीजों को फायदा मिलेगा। मिर्जापुर में बड़ा बिजली उपकेंद्र और नई बिजली लाइनें बनेंगी। इस पर करीब 2800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे घरों, दुकानों और फैक्ट्रियों को बेहतर और लगातार बिजली मिलेगी। उद्योगों को फायदा होगा और निवेश बढ़ेगा। लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नए परिसर में 1010 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी इमरजेंसी अस्पताल, टीचिंग ब्लॉक और नया ओपीडी ब्लॉक बनाया जाएगा। इस पर करीब 855 करोड़ रुपए खर्च होंगे। आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत मेट्रो कॉरिडोर-2 में आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक मेट्रो स्टेशन और वायाडक्ट निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

## मोदी सरकार में दूरदर्शिता की कमीः कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने क्यों कहा- चुनाव तक सरकार ने सबकुछ छिपाकर रखा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर महंगाई के लिए निशाना साधा है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार में दूरदर्शिता की कमी होने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने चुनाव तक अर्थव्यवस्था की स्थिति को जनता से छिपाकर रखा।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में दूरदृष्टि की कमी है और उन्होंने विधानसभा चुनावों तक देश की आर्थिक स्थिति और बढ़ती महंगाई को जनता से छिपाकर रखा गया। खरगे की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सरकार ने रविवार को सीएनजी की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की। पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी बार है जब सीएनजी महंगी हुई है।पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने पर खरगे ने साधा निशाना- इससे पहले शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। ईरान युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से सरकारी तेल कंपनियों पर भारी दबाव पड़ रहा था। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में कहा, %अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल, डीजल और दूसरी चीजों के दाम बढ़ाते, तो उन्हें भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता।%उन्होंने आरोप लगाया, %मोदी सरकार ने चुनाव खत्म होने तक देश से सब कुछ छिपाकर रखा, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए, हर चीज के दाम बढ़ा दिए गए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार और मोदी में दूरदृष्टि की कमी है, इसलिए उन्हें पहले से बढ़ती महंगाई का अंदाजा नहीं था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी क्योंकि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। खरगे ने कहा, देश के गरीब लोग अपनी जरूरत की जरूरी चीजें तक नहीं खरीद पा रहे हैं। शुक्रवार को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का एलान किया है। चार साल से भी ज्यादा समय में यह पहली बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर कच्चे तेल की कीमतों में हुई भारी वृद्धि हुई है, जिसके चलते दुनियाभर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारत में तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव खत्म होने के 16 दिन बाद हुई है। जिसे लेकर विपक्ष सरकार पर निशाना साध रहा है।

## शुभेंदु सरकार के पांच बड़े फैसलेः महिलाओं को 3000 रुपये की सहायता, सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा का दिया तोहफा

बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की सरकार सत्ता संभालने के बाद से ही ताबड़तोड़ बड़े फैसले ले रही है। इसी के तहत शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में अन्नपूर्णा योजना, महिलाओं के लिए बस में मुफ्त यात्रा और सातवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी जैसे बड़े फैसले लिए हैं।बंगाल की शुभेंदु सरकार ने आज हुई कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले लिए हैं। बंगाल सरकार की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बैठक के बाद सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी दी। अग्निमित्रा पॉल ने बताया कि पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना की मंजूरी दी है। साथ ही सातवें वेतन आयोग के गठन को भी मंजूरी दे दी गई है। शुभेंदु सरकार के पांच बड़े फैसले क्या हैं? अन्नपूर्णा योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को 1 जून से हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।राज्य सरकार ने 1 जून से महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा को भी मंजूरी दे दी है। पॉल ने बताया कि राज्य कर्मचारियों, संबद्ध वैधानिक निकायों और शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग के गठन को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। राज्य मंत्रिमंडल ने जून महीने से धार्मिक आधार पर समूहों को दी जाने वाली सरकारी सहायता बंद करने का भी फैसला किया है।

### संक्षिप्त समाचार

## अलीगढ़ में बर्बरता की हदें पार, शराब के लिए रुपये न देने पर किशोर के सिर में ठोक दीं कीलें; चप्पल से पीटा

यूपी के अलीगढ़ में शराब के लिए रुपये नहीं देने पर किशोर के साथ बर्बरता की हदें पार कर दी गईं। आरोप है कि दबंग ने पहले किशोर की पिटाई की, इसके बाद उसके सिर में कीलें ठोक दीं। चौकी पहुंचे किशोर ने दरोगा पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है।यूपी के अलीगढ़ जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। थाना रोरावर इलाके के गांव शाहपुर कुतुब में शनिवार को शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर किशोर को गांव के ही दबंग युवक ने पहले चप्पलों से बेरहमी से पीटा और बाद में अपने घर के अंदर ले जाकर उसके सिर में कीलें ठोक दीं। गंभीर हालत में किशोर को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसको जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कोतवाल बंशीधर पांडेय ने बताया कि जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है।गांव शाहपुर कुतुब निवासी धर्मवती देवी ने बताया कि उनका नाती मनीष पुत्र रामवीर शनिवार को घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव का एक युवक वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए नाती से 200 रुपये मांगने लगा।

मनीष के मना करने पर आरोपी भड़क गया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए चप्पलों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी मनीष को जबरन अपने घर के अंदर ले गया, जहां उसके सिर में लोहे के छह कीलें ठोक दीं।

## वियतनाम और दक्षिण कोरिया दौरे पर राजनाथ सिंह, भारत की रक्षा साझेदारी को मिलेगी नई मजबूती



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वियतनाम और दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत की रक्षा साझेदारी को मजबूत करना, रणनीतिक सैन्य सहयोग बढ़ाना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति को बढ़ावा देना है। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर जानकारी देते हुए कहा कि वे हनोई पहुंचकर इस यात्रा की शुरुआत करेंगे और दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा पर रहेगा फोकस- रक्षा मंत्री ने बताया कि इस यात्रा के दौरान उनका ध्यान विशेष रूप से रक्षा सहयोग, सैन्य साझेदारी और समुद्री सुरक्षा पर रहेगा।

उन्होंने कहा कि भारत, वियतनाम और दक्षिण कोरिया के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देना चाहता है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रही हैं और देशों के बीच सहयोग की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी में लगातार मजबूती- हाल ही में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग को अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अहम स्तंभ माना था।

दोनों देशों ने रक्षा नीति संवाद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, तकनीकी सहयोग, नौसेना बंदरगाह दौरे, रक्षा उत्पादन और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। इसके अलावा भारत द्वारा दिए गए रक्षा ऋण लाइनों के तहत वियतनाम की सैन्य क्षमता को मजबूत करने की दिशा में भी प्रगति हुई है। दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी भारत और दक्षिण कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने संबंधों को आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और तकनीकी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ाया है। दोनों देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र और नियम आधारित बनाए रखने के लिए साझा दृष्टिकोण रखते हैं। इस साझेदारी के तहत रक्षा उद्योग, उभरती तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला और सुरक्षा चुनौतियों पर सहयोग बढ़ाने की योजना है। राजनाथ सिंह का यह दौरा भारत की %एक्ट ईस्ट% नीति और हिंद-प्रशांत रणनीति को और मजबूती देगा। इससे क्षेत्रीय देशों के साथ भारत की रक्षा साझेदारी और समुद्री सुरक्षा सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

## संपादकीय Editorial

## Wholesale Inflation

Wholesale inflation rose to 8.30 percent in April, up from 3.88 percent in March. This is the highest inflation rate in 42 months. Experts believe that the inflation rate in May could exceed 9 percent. According to the Reserve Bank of India's maximum inflation limit, inflation should remain below 6 percent, but now the outlook is 9-10 percent. The economy will undoubtedly be affected. Fiscal, fiscal, and current account deficits could widen. The burden of EMIs and interest rates will increase for the average consumer. In a country where leaders, chief ministers, central ministers, and governors are seen riding bicycles, bullet trains, e-rickshaws, and trains, mocking the country's economic crisis and disregarding the Prime Minister's call, inflation is not a concern for them, but it is a matter of survival and death for the common man. Leaders should stop their "theatrics," because their actions will not resolve the crisis. If security isn't a sensitive issue and the crisis is severe, then ministers should walk. This scenario is ridiculous. Even the Prime Minister's economic advisors don't consider it a cause for panic or concern. However, this inflation isn't solely a result of the Iran war. Rising crude oil prices are certainly a significant factor, but there are other anomalies that have contributed to such a surge in wholesale inflation. If wholesale inflation is this severe, retail inflation could eventually breach its normal limits. Consequently, the common man will be hard-pressed. More than 90% of the country's workforce is unorganized, including laborers, farmers, daily wage earners, temporary contract workers, and countless child laborers. How can a household, which earns an average of 10,000-12,000 rupees a month, afford a cooking gas cylinder that costs 3,000-3,500 rupees? Cylinders are being sold at this price in the black market. Can the "black market" function without government protection? This is truly a subject for research. This will also expose the inconsistencies of "Ujjwala." Where is the war and energy crisis? A large gas cylinder has become more expensive by 1,300 rupees. Imported pulses have become more expensive by 35 percent, edible oil by 15 rupees, dry fruits by 80 percent, and milk by 2-5 rupees per liter. Petrol and diesel prices have been increased by 3 rupees per liter. Rice, sugar, flour, wheat, eggs, meat, fish, etc. are also selling more expensive. Why has the government banned sugar exports? Exports have already collapsed. Of course, prices of onions, tomatoes, and potatoes are stable. Manufacturing products have become more expensive by 4.62 percent. This sector has a 64 percent market share and also has the highest employment at the micro-level. CNG has been made more expensive by 2 rupees in Mumbai, where more than 1.2 million vehicles use CNG. Economists believe that the inflation rate for the common man is not 8-9 percent, but 30-40 percent, because his income is extremely limited and he is vulnerable to the black market. In this context, Reserve Bank Governor Sanjay Malhotra has warned that if the Middle East crisis remains unresolved, inflation will rise further. Shortages of oil, gas, and fertilizer will worsen. Experts believe the government is hiding something because India lacks the charisma to remain unaffected by the Iran war. Retail prices of petrol and diesel should not be raised for long. How long will the government and oil companies continue to suffer losses? The country already has a debt of over 200 lakh crore rupees. However, gold is being discussed a lot these days. It is also a factor in inflation, and the price of 10 grams of gold has risen to over 1.55 lakh rupees. A report revealed that our MPs possess 710 kg of gold. Despite offers of money and interest.

# The Challenge of Saving Foreign Exchange

Due to the global oil crisis, gold imports, and Indian spending abroad, India is facing the challenge of saving foreign exchange. Prime Minister Modi has appealed for fuel savings, reduced foreign travel, and avoided gold purchases. He also emphasized road congestion and alternatives to imported goods. Challenges from the Global Oil Crisis and Gold Imports. PM Modi has appealed for fuel savings, reduced foreign travel, and emphasized road congestion and alternatives to imported goods. The global gas and oil crisis, caused by the blockage of the Hormuz Sea Route for two and a half months due to the war between the US, Israel, and Iran, continues. This has impacted the entire world, including India. India used to receive a large supply of oil and gas through the Strait of Hormuz. This supply has declined significantly over the past two and a half months. Some ships carrying oil and gas are still crossing the Strait of Hormuz and returning to India. It is a different matter that no serious petroleum crisis has arisen in India so far. The Indian government deserves praise for its effective response to the global oil and gas crisis. While many countries increased petrol and diesel prices just days after the Strait of Hormuz was blocked, India increased prices after about 75 days, and at a much lower rate than other countries. This was necessary because oil companies were incurring mounting losses. Whenever there is a global shortage of any commodity, its prices rise. If the West Asia crisis is not resolved, petroleum prices could rise further, increasing the import bill. In light of this, Prime Minister Modi recently appealed to Indians to conserve petrol and diesel, reduce foreign travel, work from home, and refrain from purchasing gold for at least a year. It is well known that ordinary Indians prioritize gold as a safe investment. Currently, Indians possess the largest amount of gold in any country in the world. According to one estimate, approximately 40,000 tons of gold is held in Indian homes. Since India produces very little gold, it is imported. Last year, India purchased approximately $72 billion worth of gold. The weakening of the rupee against the dollar is leading to a significant increase in foreign exchange consumption for gold imports. Since very few Indians pledge their gold to banks to obtain funds, it remains a dead investment. The desire among Indians to buy and store gold at home is believed to be due to their lack of trust in the banking system and the stock market. It's also undeniable that many people invest their ill-gotten wealth in gold. Given the Indian public's special fascination with gold, the government should consider the reasons behind this lack of trust in the banking system and the stock market. The largest foreign exchange consumption is for petroleum imports. This is due to the rapid economic growth, but the fact is that vehicles in India probably have the lowest mileage. Indian vehicles travel the least distance per liter of petrol or diesel. The reason for this is the poor infrastructure of our roads and their poor design. The remaining drawback is compounded by traffic jams caused by encroachment on roads. Frequent jams also occur at toll plazas. This leads to the wastage of millions of liters of petroleum products. It's not that the problems that cause traffic jams or slow vehicle movement cannot be overcome, but the political and social will required to do so is severely lacking. Forget about major cities, even small towns experience traffic jams, sometimes for hours, yet neither the central government, nor state governments, nor their local bodies seem to care. Following the Prime Minister's appeal, many leaders have reduced their car fleets or are traveling by motorcycle or metro. Such steps are good for encouraging people, but any substantial reduction in fuel consumption will only come from addressing the problem of traffic jams. Recently, Road Transport Minister Nitin Gadkari stated that if the MCD toll plazas in Delhi were completely electronic, it would not only reduce pollution but also save fuel by eliminating traffic jams. Like Delhi, there are countless other cities in the country with toll plazas and traffic-constraining chokepoints, which waste billions of rupees worth of fuel. Government departments must recognize that eliminating traffic jams can save billions of rupees in fuel. This will also save foreign exchange. Since road encroachment is common in our country, it leads to traffic jams, and when traffic jams occur, fuel is wasted. Road encroachment has become a social problem in our country. There is a lack of political and administrative will to address this problem. Our bureaucracy rarely seriously considers long-term solutions to the problem. India has a large population whose economic prosperity can be compared to many European countries. Today, this affluent population is unlikely to exhibit frugality. The government would be better off considering how to create options that can help this segment of society save foreign exchange. Perhaps only then can they avoid the accusation of unnecessary spending. Many Indians travel abroad for travel or shopping, and a significant portion of this includes foreigners. Currency is spent. Furthermore, there is a significant purchase of electronics and other imported goods in the country. This is because many of the goods Indians need are not manufactured in the country or are of poor quality. Unless there are better alternatives to imported goods, the elite will not be able to cooperate in controlling foreign exchange expenditure. Since immediate action is impossible, the government should take long-term measures now to ensure that elite Indians do not feel the need to travel abroad for tourism, shopping, and weddings in the future.

# Prime Minister's Warning

Addressing the Indian community in the Netherlands, Prime Minister Modi warned that a large population of the world could fall back into poverty due to global conditions. He cited the energy crisis and inflation resulting from COVID-19, the Russia-Ukraine war, and the Israel-Iran conflict as the main reasons, which will impact the poor the most. Prime Minister Modi expressed concern over global poverty. The energy crisis and inflation are affecting the poor. India must empower the economically vulnerable. Arriving in the Netherlands after visiting the United Arab Emirates as part of his five-nation tour, Prime Minister Modi rightly stated in his address to the Indian community there that if the current global situation does not improve rapidly, a large population of the world will fall back into poverty. He cited the crisis caused by the war between the US, Israel, and Iran and the resulting blockage of the Strait of Hormuz. He also rightly stated that this decade looks like a disaster, as the COVID-19 pandemic plunged the world into an economic crisis, followed by the war between Russia and Ukraine. This was followed by the military conflict between Israel, the US, and Iran. As a result, energy supplies from the Gulf countries through the Strait of Hormuz were severely disrupted. This disruption remains to this day. Consequently, the entire world is facing an energy crisis. Due to the shortage of oil and gas supplies, almost all countries have had to raise petroleum prices. India also recently raised prices. It is likely that petrol, diesel, and gas prices may have to be raised again in the coming days. Rising petroleum prices impact the entire economy and increase inflation. This impact falls most heavily on the poor. At a time when India has succeeded in lifting millions of people out of poverty in the last few years, nothing could be more worrying than the threat of many of them falling back into poverty. This threat is faced not only by Indians but also by people in other developing and poor countries. Wars not only impact energy supplies but also adversely impact supply chains, leading to inflation. It is doubtful that powerful nations will act responsibly and actively seek to reduce conflict and tension, even as the crisis facing a large population of the world escalates. It cannot be ignored that the United States has recently harassed numerous countries with its tariff policies. It is now clear that it has attacked Iran in collaboration with Israel without regard for the consequences. Since there is no certainty as to when stability and peace will return to the world, it is essential that the Indian government focus on policies that truly empower the economically vulnerable. Welfare policies should be implemented not for votes, but to truly empower the poor.

## Bhojshala is a temple

The Indore High Court declared Bhojshala in Dhar a Hindu temple, cancelling the ASI order that permitted Friday prayers and Tuesday prayers. The court asked the Muslim side to request separate land for a mosque, a decision reminiscent of the Ayodhya case. The Indore High Court recognized Bhojshala as a Hindu temple. The ASI's order regarding prayer and worship was canceled. The Muslim side was asked to request separate land for a mosque. In the Bhojshala Temple-Kamal Maula Mosque case in Dhar, Madhya Pradesh, the Indore High Court's decision, which concluded that the Bhojshala complex was a Hindu temple, is not surprising. In its decision, the High Court canceled the Archaeological Survey of India (ASI) order directing Friday prayers and Tuesday prayers at the Bhojshala complex. The High Court also asked the Muslim community to request separate land from the government for a mosque. This decision is reminiscent of the Supreme Court's historic decision in the Ayodhya case. The Indore High Court's decision should not surprise anyone, as it is no secret that the descendants of King Bhoj of the Parmar dynasty built a temple dedicated to Goddess Vagdevi, also known as Goddess Saraswati, within the Bhojshala complex. It was once a major center of Sanskrit learning. Evidence of this religious site being a temple was clearly inscribed on the walls of the so-called Kamal Maula Mosque, even more so than in Ayodhya. The Indore High Court was able to deliver its verdict on this disputed site because it is an ASI-protected monument under the 1958 Act. Otherwise, the status quo at this site would have been maintained under the Religious Places Act of 1991. Unfortunately, this discriminatory act prevents resolution of other cases like the Dhar case, and as a result, disputes arise from time to time, negatively impacting communal harmony. It is fortunate that the High Court's decision in the Dhar case did not lead to any communal unrest, but it is certain that this decision will be challenged in the Supreme Court. Whatever the Supreme Court's decision in this matter, it should not be overlooked that there are countless such cases. The Religious Places Act, which hinders their resolution, has also been challenged. It would be appropriate for the Supreme Court to expedite the disposal of the petitions filed against this Act. It would also be appropriate for the parties concerned, namely Hindus and Muslims, to resolve disputed religious sites through mutual consent. This would promote harmony between them. This will only be possible when the Muslim side accepts the reality that invaders like Ghaznavi, Ghori, Khilji, Babur, and Aurangzeb not only destroyed hundreds of temples but also built mosques from their ruins. This was not only done in Ayodhya and Dhar, but also in Varanasi, Mathura, Sambhal, and Jaunpur, among countless other places.

# पांच लाख की फिरौती के लिए किसान का अपहरण, जंगल में पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़, दो के टांग में लगी गोली



अमरोहा के रजबपुर क्षेत्र में अपहृत दीपांशु चौहान को पुलिस ने कालाखेड़ा के जंगल में बदमाशों के चंगुल से छुड़ा लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने युवक को छोड़ने के बदले पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रजबपुर क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में अपहृत दीपांशु चौहान को सकुशल छुड़ा लिया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों की टांग में गोली लग गई। घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।मुठभेड़ रविवार रात करीब 11:30 बजे गांव कालाखेड़ा के जंगल में हुई। एसपी लखन सिंह ने बताया कि नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मुस्तफापुर नवादा निवासी दीपांशु चौहान शनिवार को रजबपुर क्षेत्र में अपने दोस्त अनुज के साथ एचपी गैस प्लांट के पास स्थित स्टार गेस्ट हाउस में बैठा हुआ था।इसी दौरान बोलेरो सवार कुछ लोग दीपांशु को जबरन उठाकर ले गए थे। बताया गया कि अपहरण के बाद दीपांशु के मोबाइल नंबर से उसके दोस्त अनुज के पास कॉल आई, जिसमें युवक को छोड़ने के बदले पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और प्राथमिकी दर्ज कर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी गई। रविवार रात पुलिस को सूचना मिली कि अपहरणकर्ता दीपांशु को लेकर कालाखेड़ा के जंगल में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। तीसरे आरोपी को पुलिस ने मौके से दबोच लिया। चौथा आरोपी फरार हो गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संभल जिले के थाना धनारी क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी विजेंद्र, थाना बनियाठेर क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र तथा मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सरथल निवासी योगेश पाल के रूप में हुई है।

घायल विजेंद्र और धर्मेंद्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त फ्रॉन्क्स कार बरामद की है। एसपी ने बताया कि फरार आरोपी झम्मन निवासी अकबरपुर थाना गुन्नौर जनपद संभल की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

# अमरोहा में सनसनीखेज वारदात: मायके में रह ही महिला की हत्या, छत पर हाथ-पैर बांधकर वारदात को दिया अंजाम



रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा में मायके में रह रही महिला की हत्या कर दी गई। शव घर की छत पर हाथ-पैर बंधे हालत में मिला। शरीर पर चोटों के निशानों थे। एसपी लखन सिंह यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

अमरोहा जिले के रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा में महिला का शव घर की छत पर संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। महिला के हाथ-पैर बंधे हुए थे और शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं। जिस बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया गया उससे हत्या की आशंका गहरा गई है।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव पौरारा निवासी जयवती (42) पिछले करीब 20 वर्षों से अपने पिता कल्याण सिंह के साथ मायके में रह रही थी।

सोमवार सुबह जब परिजन घर की छत पर पहुंचे तो वहां जयवती का शव पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए।महिला के हाथ-पैर बंधे होने और शरीर पर चोटों के निशान मिलने से मामला हत्या का नजर आ रहा है। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, फोरेंसिक टीम, एसओजी और डॉग स्क्वायड की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। सभी टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द घटना के खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतका के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

# स्वार पुलिस मुठभेड़ में गोकश घायल, तमंचा व पशु काटने के उपकरण बरामद

स्वार थाना पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के दौरान एक गोकश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, पशु काटने के उपकरण और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक रविवार देर रात सूचना मिली थी कि गौकशी में लिप्त एक आरोपी ग्राम भूवरी जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल से घूम रहा है। सूचना पर थाना स्वार पुलिस टीम तालाब के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर मक्के के खेत की ओर भागने लगा। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नईम उर्फ बाबू पुत्र फकीरा निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार घायल हो गया।पुलिस के मुताबिक 17/18 मई की रात सूचना मिली थी कि गौकशी में लिप्त एक आरोपी ग्राम भूवरी जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल से घूम रहा है। सूचना पर थाना स्वार पुलिस टीम तालाब के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर मक्के के खेत की ओर भागने लगा। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नईम उर्फ बाबू पुत्र फकीरा निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार घायल हो गया।पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, रस्सी, काली पॉलिथीन, लकड़ी का गट्टा, छुरी और गंडासा बरामद किया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह निराश्रित गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचने का काम करता है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले भी गौकशी और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(2) बीएनएस और 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गर्मी बढ़ने से बढ़ा ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार, बारिश से लगा था झटका

गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ गया है। गर्मी से बचने को लोग बेल का शर्बत पी रहे हैं। इसके अलावा गर्मी में गन्ने की जूस और लस्सी की मांग बढ़ी है। पारा 40 डिग्री तक पहुंचने से लोगों का जीना मुहाल हो गया। घरों और दुकानों में लगे सीलिंग फेन गरम हवा दे रहे हैं। दिन निकलते ही आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा, सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे, गर्म हवा चलना शुरू हो गईं। मौसम वैज्ञानिक 11 और 13 मई को आंधी बारिश से कारोबार को कुछ झटका लगा था। रविवार की दोपहर तापमान 40 डिग्री सेल्यिस तक पहुंच गया।

जबकि, आर्द्रता 27 प्रतिशत रह गई। घर और दफ्तर से बाहर निकलते ही गर्म हवा के थपेड़े मुहं पर लगने लगे। दिनों-दिन गर्मी बढ़ती जा रही है और पूरा दिन सूर्य देव आग बरसा रहे हैं। बारिश के कारण पिछले चार-पांच दिन से मौसम की तल्खी कम हो गई थी लेकिन, रविवार को चिलचिलाती धूप और गरम हवा के कारण ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ गया है लोगों ने गन्ने का जूस, बेल का शर्बत और लस्सी पीकर गला तर किया। 19 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से राहगीरों को दिक्कत हुई। लोगों सिर पर अंगोछा डालकर घरों से बाहर निकले। हाल-ए-मौसम- अधिकतम तापमान- 40 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान- 27 डिग्री सेल्सियस आद्रता- 27 प्रतिशत वायु वेग- 19 किमी. प्रति घंटा

# भाजपा तैयार करा रही विधायकों-प्रमुख दावेदारों का रिपोर्ट कार्ड, हर विधानसभा के लोगों से लिए जा रहे फीडबैक

2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा मुरादाबाद मंडल में अपने विधायकों और संभावित दावेदारों की जमीनी पकड़ का आकलन कराने में लगी है। इसके लिए दिल्ली और लखनऊ से आई दो सर्वे एजेंसियां जिले में लोगों से फीडबैक जुटा रही हैं। एजेंसी के सदस्य शहर से गांव तक अलग-अलग वर्गों के लोगों से बातचीत कर विधायकों के कामकाज और संभावित उम्मीदवारों को लेकर राय ले रहे हैं। विधानसभा चुनाव के मजबूत होमवर्क में लगी भाजपा अपने विधायकों और प्रमुख दावेदारों की गहराई नापने के लिए सर्वे एजेंसियों की मदद ले रही है। दिल्ली और लखनऊ से जिले में आई एक-एक एजेंसी नेताओं की कुंडली तैयार करने में लग गई है। एजेंसियों के लोग घूम-घूमकर लोगों से फीडबैक ले रहे हैं।काम पूरा होने पर रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी। 2027 के विधानसभा चुनाव के लिहाज से मुरादाबाद मंडल भाजपा के लिए काफी अहम है। प्रदेश में भले ही दो बार से भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार है लेकिन दोनों चुनावों में मुरादाबाद मंडल में भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था।2017 में मंडल की 27 में से 14 और 2022 में 10 सीटों पर पार्टी को जीत मिली थी। हालांकि बाद में हुए उपचुनाव में मंडल की तीन सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। ऐसे में 2027 के चुनाव में मंडल में भी अच्छे



प्रदर्शन के लिए पार्टी हर स्तर पर काम कर रही है।

दिल्ली और लखनऊ से आई एक-एक एजेंसी- इसके लिए संगठन के स्तर पर काम चल रहा है। मंडल प्रभारी बना दिए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र प्रभारी भी तय किए जाएंगे। दूसरी ओर केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा क्षेत्रीय विधायकों और दावेदारों के नामों पर जनता का फीडबैक जानने की नई शुरुआत भी हुई है।

पार्टी सूत्र बताते हैं कि करीब दो दिन से दिल्ली और लखनऊ से आई एक-एक एजेंसी जिले में अलग-अलग स्थानों पर सर्वे कर रही है। एजेंसी के लोग शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जा रहे हैं। अलग-अलग वर्ग के लोगों से मुलाकात कर संभावित नामों और विधायकों के कामों पर जनता का मन टटोल रहे हैं।

कुछ निर्धारित सवालों के माध्यम से लोगों की राय जानने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि यह टीम करीब एक सप्ताह जिले में रहेगी। बाद में पार्टी नेतृत्व को अपनी रिपोर्ट भेजेगी। तीन टीमें पहले ही कर चुकी हैं सर्वे- भाजपा के लिए तीन अन्य टीमें पहले सर्वे कर चुकी हैं। कुछ समय पहले जिले में टीमें आई थीं। अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर ये टीमें लोगों से मिली थीं और सर्वे करके चली गईं। दो विधानसभा चुनावों में मंडल में भाजपा और सपा की स्थिति-

2017 2022 जिला भाजपा (वर्तमान) सपा (वर्तमान) भाजपा (पूर्व) सपा (पूर्व)
मुरादाबाद 2 4 1 5
संभल 2 2 1 3
रामपुर 2 3 2 3
अमरोहा 3 1 2 2
बिजनौर 5 3 4 4

नोट : 2022 के चुनाव के बाद हुए मंडल में हुए उपचुनाव में भाजपा ने तीन सीटें जीत ली हैं। इन प्रमुख बिंदुओं पर कर रहे लोगों से सवाल- 2022 में किसको वोट दिया था 2024 में किसको वोट दिया था 2027 में किसको वोट देंगे योगी सरकार के काम से कितने संतुष्ट हैं मोदी सरकार के काम से कितने संतुष्ट हैं विधायकों से कितने संतुष्ट हैं दावेदारों के नामों पर राय जानने की कोशिश- सर्वे के लिए टीम आई है। ये टीम लोगों से फीडबैक ले रही है। इससे पहले आई टीमों ने विधानसभा क्षेत्रों के बारे में पार्टी पदाधिकारियों से जानकारी ली थी। - आकाश पाल, जिलाध्यक्ष, भाजपा

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद के 15 पीएम श्री विद्यालय 120 मानकों पर संवरेंग

बेसिक शिक्षा की तस्वीर को पूरी तरह से बदलने और हाईटेक करने की बड़ी कार्ययोजना बनाई गई है। जिले के 15 पीएम श्री विद्यालयों को अब मॉडल और लीडरशिप स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी के निरीक्षण के बाद इन स्कूलों का कायाकल्प इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े 120 विशेष मानकों के आधार पर किया जाएगा। इन्हें देश में स्वच्छता के लिए नंबर वन का पुरस्कार पा चुके संभल जिले के इटायला माफी स्थित पीएम श्री विद्यालय की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत इन 15 विद्यालयों को छह प्रमुख पिलर्स पर विकसित किया जाना है। इसमें मात्रात्मक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) से लेकर गुणात्मक (क्वालिटी एजुकेशन) तक कुल 120 बिंदु तय किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इन 120 में से मिशन कायाकल्प के तहत आने वाले 19 मूलभूत मानकों को विद्यालयों में पहले ही पूरा (संतृप्त) किया जा चुका है। अब कार्ययोजना के तहत शेष मानकों पर तेजी से काम होगा, ताकि इन्हें पूरी तरह से एक आदर्श विद्यालय का स्वरूप दिया जा सके।संभल मॉडल जिले में होगा प्रभावी- जिले के इन मॉडल स्कूलों को विकसित करने के लिए संभल जिले के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी (विकास खंड असमौली) को बेंचमार्क माना गया है। गौरतलब है कि इटायला माफी विद्यालय को देश के नंबर वन स्वच्छ विद्यालय के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है, जहां मा. राज्यपाल सहित कई मंत्री और अधिकारी इसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेने आ चुके हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी को निर्देश दिए कि बिलारी सहित सभी 15 पीएम श्री स्कूलों का भौतिक और शैक्षिक विकास बिल्कुल उसी तर्ज पर किया जाए। लर्निंग बाय डूइंग से निखरेगी प्रतिभा- भौतिक चकाचौंध के साथ-साथ पढ़ाई के स्तर को सुधारने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यालय में बालवाटिका और प्राथमिक स्तर के बच्चों को अब लर्निंग बाय डूइंग (करके सीखना) पद्धति के तहत शिक्षा दी जाएगी, ताकि वे रटने के बजाय चीजों को प्रायोगिक तौर पर समझ सकें। वहीं, कक्षा 1 और कक्षा 4 के बच्चों की व्याकरण संबंधी अशुद्धियों को मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्यपुस्तिका के माध्यम से सुधारा जाएगा।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अनुसार, बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता मापने के लिए निपुण टीम द्वारा नियमित मूल्यांकन होगा और एआरपी/एसआरजी द्वारा लगातार इनकी ट्रैकिंग की जाएगी।




### यात्रियों की बढ़ती मांग देख रोडवेज बढ़ाएगा एसी बसों के फेर

भीषण गर्मी में लंबी दूरी के लिए यात्रियों की पहली पसंद वातानुकूलित बसें बन रही हैं। यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने अपने बेड़े में एसी बसों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनके चक्कर बढ़ाने की तैयारी कर दी है। क्षेत्रीय प्रबंधक के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार एसी बसों की संख्या में लगभग चार गुना तक वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद परिक्षेत्र अनुराग यादव ने बताया कि रोडवेज के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून रूट पर एसी बसों की सबसे अधिक मांग है। खासकर गर्मी के मौसम और छुट्टियों के दौरान यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यात्री साधारण बसों की अपेक्षा एसी एवं इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके चलते रोडवेज इन रूटों पर बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने की योजना बना रहा है जिससे यात्रियों को बसों के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।एसी बसों के संचालन से निगम की आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। लंबी दूरी के यात्रियों के साथ-साथ नौकरीपेशा लोग और पर्यटक भी इन बसों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। विशेष रूप से हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून जाने वाले यात्रियों में एसी बसों की मांग काफी अधिक बनी हुई है।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक हुई संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच/ शेर सिंह/ भुता ।जिला अध्यक्ष देवेश पटेल के आदेशानुसार आज रसूलपुर चौराहा कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के आगामी 5 जून जन्मोत्सव के उपलक्ष में एवं संगठन के जिला मंत्री गिरीश गंगवार जी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन की एकता, हिंदुत्व, राष्ट्रहित एवं सामाजिक सेवा को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में फरीदपुर तहसील अध्यक्ष पुष्पाल गंगवार, तहसील उपाध्यक्ष विकास गंगवार, तहसील मीडिया प्रभारी गुरपाल सिंह, तहसील मंत्री राजकुमार, तहसील कानूनी सलाहकार अरविंद गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# DIG अजय कुमार साहनी के निर्देशन में साइबर अपराधियों पर पुलिस का बड़ा प्रहार



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली परिक्षेत्र पुलिस लगातार साइबर अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में साइबर अपराध रोकने के लिए साइबर सेल, साइबर थाना और हेल्पडेस्क सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। पिछले 6 महीनों में साइबर अपराध से जुड़े कुल 506 मुकदमे दर्ज किए गए, 72 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए और 17 आरोपियों को नोटिस तामील कराए गए। वहीं 8697 शिकायतों में से 6103 का निस्तारण करते हुए करीब 7 करोड़ 24 लाख रुपये होल्ड कराए गए तथा लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि पीड़ितों को वापस कराई गई। बरेली साइबर थाना पुलिस ने रेलवे जंक्शन क्षेत्र से अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर और साइबर गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब 15 लाख रुपये कीमत के 45 चोरी के मोबाइल बरामद किए। आरोपी मोबाइल चोरी कर यूपीआई के जरिए खातों से रकम उड़ाते थे। वहीं बदायूं में फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर 5 साइबर ठग गिरफ्तार किए गए। आरोपी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से रजिस्ट्रेशन शुल्क लेकर ठगी करते थे। पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। आमजन को जागरूक करने के लिए परिक्षेत्र में 2166 साइबर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी लालच, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी से सतर्क रहें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं

# खोदाई में कटी हाईप्रेशर पीएनजी लाइन, पांच कॉलोनियों में आपूर्ति रही ठप; ठेकेदार को नोटिस

बरेली में खोदाई के दौरान पीएनजी लाइन क्षतिग्रस्त करने से करीब 1200 घरों में 15 घंटे तक गैस आपूर्ति बाधित रही। इससे उपभोक्ता परेशान हो गए। सीयूजीएल ने स्मार्ट सिटी के ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। बरेली में लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) किल्लत के बीच हाईप्रेशर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) लाइन क्षतिग्रस्त होने से एक हजार घरों में करीब 15 घंटे चूल्हा नहीं जला। सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल) के अधिकारियों ने स्मार्ट सिटी के ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। सीयूजीएल अधिकारी जितेंद्र गौतम के मुताबिक, रविवार रात 1:30 बजे स्मार्ट सिटी के तहत एयरफोर्स रोड स्थित परतापुर के पास सीसी कैमरे की ओएफसी लाइन बिछाने के लिए हॉरिजेंटल डायरेक्शनल ड्रिलिंग मशीन से खोदाई हो रही थी। अत्यधिक दबाव की वजह से हाईप्रेशर लाइन क्षतिग्रस्त होने से रिसाव हुआ। टीम ने मौके पर की जांच - सूचना पर स्थिति नियंत्रण के लिए रात में टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि सीयूजीएल से बिना अनापत्ति (एनओसी) लिए बिना बताए नगर निगम स्मार्ट सिटी ने काम शुरू कर दिया। इससे गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई और लोगों के जानमाल का खतरा रहा। बताया कि इससे परतापुर, पीरबहोड़ा, नॉर्थ सिटी, कूर्मांचल नगर, आलोक नगर प्रभावित हुए। इन क्षेत्रों में करीब 12 सौ घरों में कनेक्शन हैं, जहां करीब 15 घंटे तक खाना नहीं पका। बिना अनुमति निर्माण कार्य पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ नोटिस थमाई है। किसी ने होटल, किसी ने पड़ोसी से मांगी मदद- पीएनजी कनेक्शन से 80 फीसदी घरों में एलपीजी प्रयोग नहीं होता।

# बरेली यातायात पुलिस का बड़ा अभियान, 584 वाहन चालकों पर चला शिकंजा



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे में वाहन चलाने वालों, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्त अभियान चलाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य एवं पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खां के निर्देशन में 16 और 17 मई को जिले के प्रमुख टोल प्लाजा- फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, भोजीपुर, नवाबगंज और फरीदपुर में देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर से कुल 7794 वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 188 चालक, प्रेशर हॉर्न के 196, मॉडिफाइड साइलेंसर के 15, हूटर के 2 तथा फर्जी नंबर प्लेट और बिना HSRP वाले 183 वाहनों समेत कुल 584 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान करीब 47 लाख 74 हजार रुपये का चालान भी किया। चेकिंग के साथ-साथ "Meet and Greet" अभियान के तहत परिवार के साथ सफर कर रहे यात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनी गईं। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और अनधिकृत साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व हूटर का प्रयोग न करें, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

डीएम ने छोड़ी सरकारी गाड़ी , बस और बाइक से किया सफर

# नो व्हीकल डे पर जिलाधिकारी का बड़ा संदेश – ईंधन बचाओ, पर्यावरण बचाओ



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में सोमवार को नो व्हीकल डे के अवसर पर बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अनोखी पहल करते हुए सरकारी वाहन छोड़ बस से यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की बैठक में शामिल होने के लिए सार्वजनिक बस से पहुंचे। वहीं बैठक समाप्त होने के बाद उन्होंने सादगी और आमजन से जुड़ाव का परिचय देते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने आवास तक मोटर बाइक पर बैठकर सफर किया। डीएम की इस पहल को अधिकारियों और कर्मचारियों ने खूब सराहा। जिलाधिकारी ने कहा कि ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि सप्ताह में कम से कम दो दिन – सोमवार और शनिवार – नो व्हीकल डे के रूप में मनाएं और निजी व सरकारी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

# केसरबाग लाठीचार्ज पर उबला अधिवक्ता समाज, बरेली में काले कोटों का बड़ा प्रदर्शन



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। लखनऊ के केसरबाग कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की गूंज अब पूरे प्रदेश में सुनाई देने लगी है। सोमवार को बरेली बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया। काले कोट पहने अधिवक्ता जब एकजुट होकर सड़कों पर उतरे तो पूरा माहौल आंदोलनकारी नजर आया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस घटना को लोकतंत्र व न्याय व्यवस्था की गरिमा पर सीधा हमला बताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित एडवोकेट और सचिव दीपक पाण्डेय एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 16 मई को लखनऊ के केसरबाग कोर्ट परिसर में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जिस तरह निहत्थे अधिवक्ताओं पर कथित रूप से लाठियां बरसाई गईं और अभद्र व्यवहार किया गया, उससे पूरे अधिवक्ता समाज में भारी रोष है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज कुमार हरित ने कहा कि अधिवक्ता केवल मुकदमे लड़ने वाला व्यक्ति नहीं बल्कि संविधान और नागरिक अधिकारों का प्रहरी होता है। यदि अदालत परिसर के भीतर ही अधिवक्ताओं की गरिमा सुरक्षित नहीं रहेगी तो आम जनता का न्याय व्यवस्था से भरोसा भी कमजोर होगा। अधिवक्ताओं ने मांग की कि घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाए, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो तथा पूरे मामले की एसआईटी जांच कराई जाए। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को 50-50 लाख रुपये मुआवजा देने और लंबे समय से लंबित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन में एडवोकेट जयपाल सिंह, हुलसी राम गंगवार, रजत मोहन, रोहित यादव, शांतनु मिश्रा, सौरभ अग्निहोत्री, धर्मवीर, गायत्री, अजय कुमार मौर्य, असलम समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। पूरे प्रदर्शन के दौरान एक ही संदेश गूंजता रहा – न्याय की आवाज को दबाने की कोशिश अब बर्दाश्त नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला प्रशासन को सर्राफा व्यापारी और उनकी समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के दृष्टिगत माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत के सभी नागरिकों से बुलियन/सोना न खरीदने की अपील के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला प्रशासन (सभी जिलाधिकारियों/पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों) को बुलियन/सर्राफा एसोसिएशन के साथ तत्काल बैठक कर उनकी चिंताओं को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं। आज दिनांक 18-05-2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में पीलीभीत के जिलाधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता सरार्फ व्यपारियों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सुकीर्ति माधव,पुलिस अधीक्षक, विजय वर्धन तोमर,नगर मजिस्ट्रेट, दीपक चतुर्वेदी, सी0ओ0 सिटी एंव राज्य कर विभाग की ओर से संजीव कुमार, उपायुक्त, राज्य कर, राजेन्द्र प्रसाद चैहान, सहायक आयुक्त,राज्य कर पीलीभीत द्वारा सर्राफा व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों को बताया गया

कि सर्राफा कारोबार से जुड़े समस्त व्यापारी देश हित को सर्वोपरि रखते हुए ठोस सोना (बुलियन) व गोल्ड बार की बिक्री न करें। बुलियन व गोल्ड बार की बिक्री कम होने से सोने के आयात में कमी आएगी, जिससे विदेशी मुद्रा भण्डार पर दवाब कम होगा। पुराने स्वर्ण आभूषणों को रिसायकिल डिजायन कर नये आभूषण बनवाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जाये। बैठक में सर्राफा व्यापारी संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार अग्रवाल, शैली अग्रवाल महामंत्री, मुरली मनोहर अग्रवाल (अधिवक्ता) आदि उपस्थित रहे। बैठक में सर्राफा व्यापारी संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सरकार को पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कार सवार युवकों ने युवक के साथ मारपीट कर उसके रुपए छीन कर भागे

क्यूँ न लिखूँ सच/ शेर सिंह/ भुता। कस्बा क्षेत्र में बैंक में रुपए जमा करने जा रहे। युवक को कार सवार युवकों ने मारी टक्कर। विरोध करने पर कार में बैठे हुए युवकों ने पीड़ित के संग मारपीट कर उसके रुपए छीन कर भाग गए। पीड़ित ने उक्त आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की तलाश कर रही है। कस्बा क्षेत्र में दोपहर लगभग 1:00 बजे ग्राम गनेश खेड़ा निवासी सूरज सिंह बैंक में रुपए जमा करने आया था। और बाजार में समीम क्लॉथ हाउस की दुकान के किनारे खड़ा था।अचानक बरेली की तरफ से आ रही नीली रंग की बलेनो कार ने उसके पैर पर पहिया चढ़ा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर उसके विरोध करने पर कार सवार युवकों ने अपनी गाड़ी से उतरकर बीच बाजार में उसके साथ मारपीट कर उसके रुपए छीन कर भाग गए। इधर बीच बचाव करने आए पीड़ित के चाचा उर्वेश सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी कार में पांच लोग सवार थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इधर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है। घायल को मेडी कल के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### माटी के हुनर को मिलेगा सम्मान, कारीगरों पर होगी इनामों की बारिश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । माटीकला से जुड़े हुनरमंद कारीगरों और शिल्पियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड ने वर्ष 2026-27 के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पारंपरिक कुम्हारों और माटी शिल्पकारों को सम्मानित करने का ऐलान किया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियां और अन्य कलात्मक उत्पाद तैयार करने वाले कारीगरों को मंडल स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार योजना के तहत चयनित कारीगरों को प्रथम पुरस्कार - 15 हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार - 12 हजार रुपये तृतीय पुरस्कार - 10 हजार रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। हालांकि आवेदन करने वाले कारीगरों का विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, फोटो और उत्पाद की तस्वीर अपलोड करनी होगी। वहीं जिन लाभार्थियों को पहले माटीकला पुरस्कार मिल चुका है, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। माटीकला से जुड़े इच्छुक कारीगर 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मई महीने का किसान दिवस हुआ स्थगित, कार्ययोजना न मिलने से टला बड़ा कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जनपद में हर माह आयोजित होने वाला किसान दिवस इस बार स्थगित कर दिया गया है। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले किसान दिवस की मई 2026 की कार्ययोजना अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। उप कृषि निदेशक बरेली द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 20 मई 2026 को विकास भवन सभागार, बरेली में प्रस्तावित किसान दिवस कार्यक्रम को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है।


### मा0 राज्यमंत्री जी एवं जिलाधिकारी ने नव चयनित 105 आंगनबाडी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / बाल विकास विभाग पीलीभीत की परियोजना ललौरीखेड़ा, अमरिया व मरौरी के सदर विधानसभा क्षेत्र में नव चयनित आॅगनबाड़ी सहायिकाओं को मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित सहायिकाओं के चेहरों पर तो मुस्कान थी ही अपितु बाहर खड़े उनके परिजनों में एक अतिरिक्त उत्साह की चमक थीं अतिरिक्त उत्साह इस बात का है कि उनके घर की महिला को स्वयं राज्यमंत्री के हाथें यह नियुक्ति पत्र मिलना स्वयं में एक गौरव है जो आज से पूर्व किसी सरकार के रहते शायद ही ऐसी किसी निम्नवर्गीय नियुक्ति में किसी को प्राप्त हुआ हो। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री श्री संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में ललौरीखेड़ा की 40 अमरिया की 55 व मरौरी सदर की 10 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त कराये गये।

# दो महीने से वेतन बंद , काला फीता बांध NHM कर्मचारियों का फूटा गुस्सा



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार 18 मई 2026 को जिले के सभी ष्ट।।ष्ट, क्क।ष्ट और उपकेंद्रों पर संविदा कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है और अब तीसरा महीना भी शुरू हो चुका है, जिससे अल्प वेतन भोगी कर्मचारी आर्थिक तंगी और भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि लगातार अधिकारियों से अनुरोध करने के बावजूद वेतन जारी नहीं किया गया। इसी को लेकर 11 मई 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया था, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार से जल्द वेतन जारी करने की मांग की और चेतावनी दी कि 18, 19 और 20 मई तक यह विरोध जारी रहेगा। यदि 20 मई तक वेतन नहीं आया तो 21 मई 2026 को सभी ह।।रू संविदा कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। आज के प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता एवं मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष शिवम सिंह, मंडल महामंत्री डॉ. अतुल शर्मा, संगठन मंत्री मुकेश कुमार, कार्य समिति सदस्य डॉ. जी.ए. राही, जिला उपाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सक्सेना, डॉ. पूनम अग्रवाल, अनुराग शर्मा, जिला प्रचार मंत्री अनुपम कुमार, ब्लॉक लेखा प्रबंधक पूजा, प्रीति शुक्ला, प्रीति मिश्रा, डॉ. गीतांजलि, हिमानी, ज्योति वैदि, ममता, रुचि सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# बच्ची की हत्या का आरोपी अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/अभियुक्त के पैर में लगी गोली, ?01 अदद अवैध तमंचा मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस बरामद पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी श्री पवन कुमार के निर्देशन में थाना खैरीघाट पुलिस टीम को मिली सफलता । विवरण- दिनांक 15.05.2026 को देर शाम वादी श्री मेवा लाल नि0- मथुरा थाना खैरीघाट द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी थी कि मेरी नातिन घर से गायब है जिसके संबंध मे थाना खैरीघाट द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत करते हुये बच्ची की तलाश हेतु सम्भावित प्रयास किये जा रहे थे जिसके क्रम में दिनांक 16.05.2026 को मक्के के खेत मे बालिका का शव बरामद हुआ था जिसका पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया गया

तथा विवेचना के क्रम में मैनुअल व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यो से अरुण पुत्र छोटेलाल नि0 मथुरा खैरीघाट की घटना मे संलिप्तता पायी गयी । जिसे पुलिस द्वारा आज दिनांक 17.05.2026 को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया था तथा बाद गिरफ्तारी पुलिस पुछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा घटना के दिन पहने हुए कपड़े को छुपाकर रखा गया है

जिसकी बरामदगी के दौरान अभियुक्त अरुण समय करीब 7.00 बजे शाम पुलिस की हिरासत से से भाग निकला था जिसे पुलिस टीमो द्वारा काम्बिंग कर खोजा जा रहा था इसी क्रम में लगभग 02 घंण्टे बाद सोबतिया मोड इमामगंज बंधे पर पुलिस चेकिंग के दौरान फरार अभियुक्त को रोके जाने पर फरार अभियुक्त अरुण द्वारा पुलिस बल पर फायर कर दिया गया जिसके प्रत्युत्तर में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ किये गये फायर में आरोपी अरुण के पैर मे गोली लग गयी, जिसको तत्काल समुचित ईलाज हेतु ष्ट।।ष्ट शिवपुर भेजा गया है । जहां से उसको उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है वहां उसका उपचार चल रहा है अभियुक्त अरुण के पास से एक बारह बोर का तमंचा 01 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# मटेरा की तरफ जा रहा अज्ञात कंपान ने मारी टक्कर टाटा पंच कर में 6 लोग सवार थे जिसमें से चार लोग मृत घोषित



क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ टाटा पंच कार जिसमें 6 लोग सवार थे, नानपारा से बहराइच की तरफ जा रहे थे तभी डिहवा पेट्रोल पंप के सामने जो (नानपारा में स्थित) को एक अज्ञात कंबाइन मशीन जो मटेरा से बहराइच की ओर जा रही थी, जिसने कार को टक्कर मार दी जिसमें सें 04 व्यक्ति मृत घोषित हो गये तथा 02 गम्भीर रुप से घायल हो गए सूचना पर थाना मटेरा व थाना नानपारा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचते हुए घायलों को जिला अस्पताल बहराइच भेजा गया तथा मृतको के शवों को कब्जा पुलिस में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस भेजा गया है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । मृतक व्यक्तियों के नाम - 1.अनिल कुमार पुत्र सुरेश निवासी मुकेरिया थाना राम गांव जनपद बहराइच उम्र लगभग 40बर्ष 2. अल्ताफ अहमद पुत्र अब्दुल कादिर निवासी हम्जापुरा थाना दरगाह शरीफ बहराइच उम्र 38 लगभग बर्ष 3 अनिल कुमार पुत्र श्याम नारायण निवासी मेटुकहा थाना रामगांव जनपद बहराइच उम्र लगभग 42 बर्ष 4 महेंद्र पाल पुत्र राधेश्याम निवासी फतेहपुरवा मोहमदपुर थाना राम गांव जनपद बहराइच उम्र लगभग 45बर्ष मजरूब का विवरण -1. शिवम श्रीवास्तव पुत्र वेदप्रकाश निवासी चित्र शाला रोड थाना को.नगर जनपद बहराइच उम्र 30 बर्ष 2. अश्वनी कुमार पुत्र रामकमल निवासी ब्राम्हणीपुरा को. नगर जनपद बहराइच उम्र करीब 30 बर्ष

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक




क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन- मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# 11.65 करोड़ मंजूर, रामगंगा और किच्छा किनारे होगा काम

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। नदी किनारे गांवों की सुरक्षा के लिए 11.65 करोड़ मंजूर, रामगंगा और किच्छा किनारे होगा काम मानसून के दौरान रामगंगा, किच्छा और बहगुल नदियों के उफान से होने वाले कटान और फसलों की बर्बादी को रोकने के लिए शासन ने बड़ी राहत दी है। विभाग के प्रस्ताव पर चार बड़ी परियोजनाओं के लिए 11.65 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति देने के साथ तत्काल काम शुरू कराने के लिए 10.11 करोड़ का बजट भी आवंटित कर दिया है। बाढ़ खंड के अभियंताओं को मानसून से पहले सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए हैं। शासन से रामगंगा नदी के बाएं किनारे पर स्थित ग्राम गौतारा, पिथुपुरा और मुर्शिदाबाद आदि को बाढ़ व कटान से बचाने के लिए 3.61 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति मिली है, इसके लिए 2.45 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त नाबार्ड पोषित मद के अंतर्गत रामगंगा नदी के दाएं किनारे पर बसे गुर्जर गौटिया, धिमरपुर तथा बेहरा आदि गांवों को सुरक्षित करने के लिए 3.50 करोड़ की योजना को मंजूरी दी गई है। 3.36 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है।



# जनगणना-2027 विकास खंड पूरनपुर में विभिन्न समूहों और कर्मियों एवं ट्रांस शारदा के ग्रामों में 'स्वगणना पोर्टल' पर दर्ज कराई गई सूचनाए

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / जनगणना 2027 के अन्तर्गत आज विकास खंड पूरनपुर में स्व-गणना हेतु विशेष अभियान चलाया गया। लक्षित गांवों, घर-घर जाकर स्वगणना से अपील की गई कि वे अपने- ग्रामीणों को भी इस डिजिटल करें और स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। 15 दिवसीय स्व-गणना अभियान के बारहबें दिन स्वयं सहायता समूह, आंगनबाडी/सहायिका, महिला संस्थाएं, समस्त प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, सचिव सहकारी समितियां, ग्राम पंचायतध्विकास अधिकारी, खाद विक्रेता, मनरेगा कार्डधारक, रसोईयां, अनुदेशक, शिक्षा मित्र, आशाऐं, पी0एच0सी0, सी0एच0सी0, आयुष्मान विंग कर्मचारीगण द्वारा अभियान में प्रतिभाग कर स्व-गणना पोर्टल पर सूचनाऐं दर्ज कराई गई। इसके साथ ही ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम सिंघाडा उर्फ टाटरगंज, कबीरगंज, चन्द्रनगर, भरतपुर, रामनगर सहित अन्य स्थलों पर चैपाल के माध्यम से स्व-गणना अभियान चलाकर पोर्टल पर सूचनाऐं दर्ज कराई गई। अभियान के दौरान बताया गया है कि स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं का विवरण दर्ज करना जनगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए आवश्यक है। इस डिजिटल प्रक्रिया में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर स्व-गणना पोर्टल पर सूचनाएं दर्ज कराएं। विभागों समूहों द्वारा कार्य किया गया। सभी अपने क्षेत्रों में अन्य प्रक्रिया के प्रति जागरूक



# सामाजिक रिश्ते को बचाते हुए 1 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया




क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी। समझौता कराने वाली टीम- 1. उ0नि0 श्री रमाशंकर मिश्रा 2. म0हे0का0 संगीता यादव 3. म0का0 गिरजावती यादव 4. म0का0 अनन्या सिंह 5. म0का0 निशी त्रिवेदी 6. म0क01 छाया द्विवेदी

## संक्षिप्त समाचार

# ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 का प्रशिक्षण कराने हेतु इच्छुक संस्थायें करें ऑनलाइन आवेदन

क्यूँ न लिखूँ सच/ बदायूं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स कराने हेतु जनपद की ऐसी संस्थायें, जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्थाओं की मान्यता वैलिड हो) हों, प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन कर सकती हैं।इच्छुक संस्थाओं द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेबसाइट backwardwelfareup.gov.in पर दिये गये लिंक एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारूप पर 03 जून 2026 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण हेतु दिशा-निर्देश/समय-सारणी उक्त बेबसाइट पर भी प्रदर्शित है।संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त उसकी हार्डकॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित 03 जून 2026 तक अथवा इसके पूर्व ही जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं0 118, विकास भवन, बदायूँ में अनिवार्य रूप से जमा करा दें।

# पॉपकॉर्न व दोना पत्तल मेकिंग मशीन प्राप्त करने हेतु करें आवेदन

क्यूँ न लिखूँ सच/ आज जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अर्न्तगत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं पिछडे वर्ग के भुर्जी जाति व परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष-2026-27 हेतु आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन, मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन निःशुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट 222.ह्वश्चद्म1द्बड्ड.द्द्श1.द्बठ्ठ की ऑनलाइन सेवाओ के अर्न्तगत ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में आवेदन 05 जून 2026 सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय- मो0-शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है। योजनाओ में ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड/परिवार आई0डी0, आधार लिंक मोबाइल नम्वर अपलोड करना अनिवार्य है।

# ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस लाइन में नियुक्त उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति



क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी/ उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/ निरीक्षक (नागरिक पुलिस) नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये जनपद बहराइच रिजर्व पुलिस लाइन में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त उ0नि0 श्री आनन्द सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी । इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा शुभकामनाएं दी गईं ।

# पुराने बस अड्डे पर बनेगा चार्जिंग स्टेशन, बेड़े में शामिल होंगी 25 ई-बसें



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में परिवहन निगम ने कदम बढ़ा दिए हैं। पुराने बस अड्डे पर ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही परिवहन निगम के बेड़े में जल्द ही 25 नई ई-बसें शामिल की जाएंगी। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन तैयार होने के बाद ई-बसों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सकेगा। इससे डीजल बसों पर निर्भरता कम होगी और शहर में प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। ई-बसों के संचालन से यात्रियों को भी बेहतर, आरामदायक और आधुनिक परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

# जनसमस्याओं के समाधान को पूर्व ब्लॉक प्रमुख राखी राजपूत ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर, प्रदेशभर की जनता से सीधा संवाद

क्यूँ न लिखूँ सच/ नीरज कुमार/ उरई/जालौन। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए डकोर की पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राखी राजपूत ने अपना व्हाट्सएप नंबर 9794097939 सार्वजनिक किया है। वह समाजवादी पार्टी की सक्रिय नेता हैं तथा बबीना विधानसभा की सह-प्रभारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभा रही हैं।



राखी राजपूत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले अथवा क्षेत्र के नागरिक यदि किसी प्रकार की जनसमस्या से जूझ रहे हैं, तो वे सीधे व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की आवाज को संबंधित अधिकारियों और विभागों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पुलिस व्यवस्था सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर लोग बेहिचक अपनी समस्या साझा करें। जनसुनवाई और समाज सेवा को अपना मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना भी उतना ही आवश्यक है।

राखी राजपूत ने यह भी कहा कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर आम लोगों तक पहुंचना आज के समय की आवश्यकता है। व्हाट्सएप जैसे सरल और सुलभ माध्यम से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी अपनी बात सीधे रख सकेंगे। इससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में तेजी आएगी और प्रशासनिक स्तर पर भी दबाव बनेगा।

इस पहल को क्षेत्र के लोगों ने जनहित में उठाया गया एक सकारात्मक और सराहनीय कदम बताया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से आम जनता को अपनी बात रखने का एक भरोसेमंद मंच मिलेगा और लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ेगी। कुल मिलाकर, राखी राजपूत की यह पहल जनसेवा की भावना को मजबूत करने वाली मानी जा रही है।

# राजेंद्र विश्वकर्मा,देशहित में बड़ा फैसला! जालौन के सर्राफा कारोबारियों ने सरकार के साथ मिलाया हाथ, अब नहीं बिकेगा सीधे 24 कैरेट बुलियन सोना

क्यूँ न लिखूँ सच/ जालौन जनपद में देशहित और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री की सोना एवं बुलियन खरीद को लेकर की गई अपील और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट सभागार में आज अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने की।




बैठक में राज्य कर विभाग, सर्राफा व्यापारियों, ज्वैलर्स एसोसिएशन, बुलियन कारोबारियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रशासन ने व्यापारियों को वैश्विक परिस्थितियों और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि अत्यधिक सोने के आयात से देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है, इसलिए सभी व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

बैठक के दौरान सर्राफा व्यापारियों ने देशहित में बड़ा भरोसा देते हुए सहमति जताई कि अब 24 कैरेट खरा सोना, बुलियन और गोल्ड बार सीधे ग्राहकों को बेचने को हतोत्साहित किया जाएगा। व्यापारियों ने लोगों को घर में रखी पुरानी ज्वैलरी को रिसाइकिल कर नई ज्वैलरी बनवाने के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया।

व्यापारियों ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार के साथ पूरी तरह खड़े हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी मूलभूत समस्याओं और सुविधाओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। साथ ही उन्होंने शासन की अपील के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी ह्रस रिंकू सिंह राही, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, उपायुक्त अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा, ब्रजेश कुमार सरोज, राज्य कर अधिकारी सचिन आनंद, सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता,आशीष अग्रवाल सहित कई जनपद जालौन के कई व्यापारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गायों की सेवा करते रहे निश्चित मन खुश हो जावेगा सुरेश गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/कोंच(जालौन)। नगर के एक अच्छे समाजसेवी सुरेश गुप्ता बाबू ने इस भीषण गर्मी में इंसान काफी परेशान है बेजुबान जानवरों की चिंता की आज उन्होंने छह कुंतल हरी फ्रेस सब्जी कान्हा गोशाला ओ में भिजवाने का कार्य किया है गोशाला ओ में लौकी खीरा तुरई आदि भेजा है इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश गुप्ता बाबू जी ने कहा कि इस कार्य करने से मेरा मन काफी खुश हो जाता है उन्होंने कहा कि गायों की सेवा से बहुत बड़ा पुण्य मिलता है उन्होंने कहा कि लोगों को गाय की सेवा करना चाहिए उन्होंने कहा कि इस कार्य को वह काफी समय से करते चले आ रहे है उन्हें कोई दिखावा नहीं करना आता है तमाम लोग थोड़ो समाज की सेवा में कार्य कर लेते है और बड़ी बड़ी फोटो खिंचवाते है उन्हें दिखावा नहीं करना है ओर वह कार्य करने में विश्वास रखते है




### ईद उल अज़्हा बकरीद 28 मई को - हाफिज अताउल्लाह खान ग़ौरी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/कोंच(जालौन)। तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी ने बताया है कि माहे जिलहिज्जा का मुबारक चाँद 29 जीकादा को नहीं दिखाई दिया है। इस लिये जिलहिज्जा की पहली तारीख 19 मई व ईद उल अज़्हा (बकरीद) 28 मई दिन जुमेरात गुरुवार को मनाई जाएगी उन्होंने बताया है कि इस्लामी साल के 12 वें आखिरी माह जिलहिज्जा की 10 वीं तारीख को मनाया जाता है यह इस्लाम धर्म का महत्व पूर्ण त्यौहार पैगम्बर इब्राहीम अलैहिसलाम की अल्लाह के प्रति निष्ठा बलिदान कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।ईदगाह पर हजारों लोगों के अलाबा नगर की कई मस्जिदों में ईद उल अज़्हा की नमाज अदा करेंगे।इसके बाद कुर्बानियों का सिल सिला शुरू होगा जो तीन दिन तक चलेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तीन दिन तक चलने बाले इस अजीम बड़े त्यौहार में मस्जिदों, मदरसों दरगाहों के आसपास साफ सफाई चूना बिजली पानी आदि की उचित व्यवस्था की जाये।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनी आमजन की पीड़ा, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सड़क एवं भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा।जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को त्वरित न्याय एवं राहत मिले और प्रशासन उसी भावना के साथ कार्य कर रहा है।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच करने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहा चांदनी बिहारपुर क्षेत्र कुबेरपुर, महुली और खैरा में सोलर ड्यूल पंप बंद, नदी-नालों का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच/ सूरजपुर। जिले के दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। ग्राम पंचायत कुबेरपुर, महुली और खैरा में लगे सोलर ड्यूल पंप खराब होने से सैकड़ों ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। हालत यह है कि लोग अब नदी-नालों और असुरक्षित जल स्रोतों का पानी पीने को मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुबेरपुर में PHC एवं क्रेडा विभाग द्वारा कुल 7 सोलर ड्यूल पंप स्थापित किए गए थे, लेकिन इनमें से 6 पंप पिछले करीब छह महीनों से बंद पड़े हैं। स्कूल पारा, खासपारा, पंडोपारा, बेलारी पारा, यादव पारा और कुबेरपुर खासपारा के ड्यूल पंप खराब होने से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है।ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में यही ड्यूल पंप पीने के पानी का मुख्य सहारा थे। अब महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर नदी-नालों से पानी लाने को मजबूर हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक पानी की तलाश में भटकना ग्रामीणों की दिनचर्या बन चुकी है।कुबेरपुर के उप सरपंच रामलगन साकेत ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को लिखित और मौखिक सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के साथ मिलकर पंचनामा तैयार कर प्रशासन को भी अवगत कराया गया है।

ग्रामीण मुनी लाल यादव, संतलाल, मोतीलाल, लालचंद और अर्जुन सिंह सहित कई लोगों ने कहा कि लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए सोलर ड्यूल पंप अब सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं।



इधर ग्राम पंचायत महुली के स्कूल पारा में भी हालात बेहद खराब हैं। यहां लगा सोलर ड्यूल पंप पिछले लगभग दो महीने से बंद पड़ा है। इस एक पंप पर उप स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य दुकान, पीएम श्री स्कूल, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, पंचायत भवन, डाकघर, आंगनबाड़ी केंद्र और आसपास के 30 से अधिक परिवार निर्भर थे। ड्यूल पंप बंद होने से पूरे क्षेत्र में पानी की भारी समस्या खड़ी हो गई है।

वहीं ग्राम पंचायत खैरा के स्कूल पारा में लगा सोलर ड्यूल पंप भी पिछले एक महीने से खराब पड़ा है। इस पंप से स्कूल पारा, मोखापारा और आसपास के ग्रामीण अपनी प्यास बुझाते थे। आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और उचित मूल्य दुकान में आने-जाने वाले ग्रामीण भी इसी पानी पर निर्भर थे। पंप बंद होने के बाद लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग केवल योजनाओं का उद्घाटन कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन रखरखाव और मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सभी सोलर ड्यूल पंपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते खराब पड़े सोलर ड्यूल पंपों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है। ग्रामीणों ने तत्काल सूरजपुर कलेक्टर से हस्तक्षेप कर सभी बंद पड़े सोलर ड्यूल पंपों को सुधारने और क्षेत्र में नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है

## डीईओ के आदेश की खुली अवहेलना

# महुली हाई स्कूल में लटका मिला ताला, ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी कार्यालय खोलने के निर्देश बेअसर

क्यूँ न लिखूँ सच/ चांदनी बिहारपुर। जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के कार्यालय नियमित रूप से खोलने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन धरातल पर इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल महूली में कार्यालय समय के दौरान ताला लटका मिला, जिससे ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में न तो शिक्षक मौजूद थे और न ही कोई कार्यालयीन कर्मचारी। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में भी विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कार्यालय खुला रखा जाए। 15 मई को जारी हुआ था आदेश- जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा 15 मई 2026 को आदेश क्रमांक 4173 जारी किया गया था। आदेश में जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया था कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी), अंकसूची वितरण एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय कार्यालय नियमित रूप से संचालित किए जाएं। आदेश में यह भी कहा गया था कि कार्यालयीन कार्यों के संपादन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि विद्यार्थियों और पालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।




आदेश के बावजूद स्कूल में लटका रहा ताला- ग्रामीणों के मुताबिक जब वे आवश्यक कार्यों के लिए सोमवार को महुली हाई स्कूल पहुंचे तो विद्यालय परिसर में ताला लगा मिला। कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन कोई जिम्मेदार कर्मचारी या शिक्षक नहीं पहुंचा। इससे यह सवाल उठने लगा है कि जब जिला शिक्षा अधिकारी का स्पष्ट आदेश मौजूद है, तब भी संबंधित विद्यालय प्रशासन आदेशों को गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा।विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप- ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में कई विद्यार्थियों को प्रवेश, छात्रवृत्ति और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं के लिए टीसी व अंकसूची की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में विद्यालय बंद रहने से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। अभिभावकों ने इसे शिक्षा व्यवस्था की बड़ी लापरवाही बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल- इस पूरे मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिला स्तर से जारी आदेशों का पालन ही नहीं हो रहा, तो फिर ऐसे आदेशों का औचित्य क्या रह जाता है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सूरजपुर कलेक्टर और शिक्षा विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## सागर चौकी के प्रभारी सुमित पांडेय ने तमंचा कारतूस के साथ एक को पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। कोतवाली की सागर चौकी के प्रभारी सुमित पांडेय हमराही दीवान अभिषेक भदोरिया शांति शांति हेतु मामूर थे तभी ग्राम अंडा में एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जब पुलिस को उस व्यक्ति पर शक हुआ तो पुलिस टीम ने उसे दौड़कर पकड़ लिया और जामा तलाशी ली तो उसके पास एक 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस नाजायज बरामद हुआ है जब उससे नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम भगवत पुत्र श्याम सुंदर साहू निवासी ग्राम सारंग पुर थाना जालौन बताया है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर लिया है

# To keep your body cool, eat 'Petha Murabba' in the summer. Prepare it at home with this easy recipe.




With the arrival of summer, we often feel exhausted from the scorching sun and sweat. Therefore, it's crucial to keep the body cool, both externally and internally. You've likely eaten Agra's famous Petha, but did you know that Petha Murabba is an excellent natural remedy for summer? It's delicious, protects against heat and provides a wonderful cooling effect to the stomach. You may have bought it many times from the market, but today we're going to share a very easy recipe for making it at home. Amazing benefits of eating Petha Murabba in the summer: Keeps the body cool: White Petha has a very cooling effect, which helps maintain body temperature during the summer. Beneficial for the stomach: It strengthens the digestive system and relieves gas and acidity. Full of energy: When the body gets tired in the scorching heat, this jam provides instant energy. Peace of mind: Regular consumption reduces mental stress and soothes the mind. Ingredients for making Petha Murabba: White Petha 1 kilogram sugar 700 to 800 grams edible lime 2 teaspoons water as needed (for dipping the petha and syrup) Cardamom powder 1 teaspoon saffron threads (optional) 7-8 strands of saffron Method for making Petha Murabba: First, wash the white petha thoroughly. Cut off the green skin and the soft inner seed-filled core. Cut the remaining firm white core into square, medium-sized pieces. Take a fork and prick each piece closely and deeply. This will allow the syrup to penetrate the petha well. Fill a large pot with enough water to submerge the petha pieces. Add edible lime to it. Now, put the petha pieces in this lime water and leave it for 8 to 10 hours or overnight. This will make the petha pieces firm and crispy. After the stipulated time, remove the petha pieces from the lime water and wash them thoroughly with clean water 4-5 times to remove all the lime. Boil clean water in a pot and add the petha pieces. Boil them until they become slightly translucent and soft. Once cooked, remove them to a sieve and drain all the water. Now, put sugar and about 2 cups of water in a heavy-bottomed pot and place it on the stove. Once the sugar dissolves, add the boiled petha pieces. Cook the petha in the syrup on low heat until the syrup thickens and begins to form strings, and the petha pieces have completely absorbed the syrup and become juicy. Finally, add cardamom powder and saffron strands, mix well, and turn off the heat. Let the jam cool completely. Once it's cool, store it in a clean, dry glass jar. Your delicious and healthy Petha jam is ready. Eating a piece of jam every morning on an empty stomach during this summer season will keep you refreshed and energetic throughout the day.

# Skincare Decoded: Panthenol is an all-in-one treatment for skin and hair care. You'll definitely want to use it once you know its benefits.




Panthenol is a form of vitamin B5 that can prove to be a game-changer for skin and hair. You've likely heard of hyaluronic acid and niacinamide in the skincare world, but there's a skincare agent that quietly performs even more, yet remains underrecognized. We're talking about panthenol. Let's learn from Dr. Jasmine Kaur Kohli, Consultant Dermatologist at Kailash Deepak Hospital, what panthenol is and how it can be a game-changer for your skin and hair. Question 1: What exactly is panthenol? Answer: Panthenol is a form of vitamin B5 that your skin absorbs very easily. Once it penetrates the skin, it transforms into pantothenic acid and helps the skin produce its own natural oils and fats. It's less well-known than hyaluronic acid and niacinamide, but it penetrates deep into cells and works just as well, or perhaps even better. Question 2: Is it a moisture-repellent or moisture-locking agent? Answer: It's both, and it's actually quite rare. Panthenol draws water from the air into the skin and then locks it in, preventing it from escaping. You could call it "weatherproofing" the skin—it keeps the good things in and the bad things out. Question 3: How does it repair the skin's damaged barrier? Answer: When the skin's barrier is weakened by excessive scrubbing, pollution, or the use of harsh skincare products, it leads to dryness and sensitivity. Panthenol helps rebuild the natural fats and lipids that make up this barrier. It's not a topical treatment; it repairs the skin from within, calming and strengthening it. Question 4: Can panthenol reduce skin redness and inflammation? Answer: Absolutely! It's a dermatologist's top choice for those with sensitive skin, rosacea, or eczema. It has anti-inflammatory properties. In a country like India, where heat, humidity, and pollution can irritate the skin, its use effectively soothes the skin without causing any irritation. Question 5: Is panthenol safe for acne-prone skin? Answer: Yes, it is completely safe. It neither clogs pores nor reacts with sunlight. Often, acne-fighting products can overly dry out the skin. Panthenol restores lost moisture without causing new acne. Question 6: Why is it so widely used in hair care products? Answer: It works on hair in the same way it does on skin. Panthenol penetrates the hair shaft, moisturizes, and strengthens hair. In many Indian cities, hair is damaged by harsh water and the use of heating tools. Panthenol restores lost shine and strength without making hair greasy. Question 7: Can panthenol be applied with retinol and vitamin C? Answer: You should definitely use it with them. Retinol and vitamin C are quite strong, which can initially cause redness or dryness of the skin. Panthenol acts as a calming layer, helping the skin tolerate these harsh ingredients more easily and making your daily routine more comfortable. Question 8: Is panthenol effective for 'slugging'? Answer: Slugging, i.e., applying a layer of thick cream or petroleum jelly as the last skincare step at night, is beneficial for some people, but in the humidity of Indian summers, it can feel too sticky and heavy. Panthenol gives you the same benefits of sluggishness without the heaviness. It locks in moisture overnight and repairs the barrier. Question 9: Does panthenol have any side effects? Answer: None. It's one of the safest and most tested skincare ingredients. It rarely causes irritation or allergic reactions. If irritation does occur, it's usually caused by another ingredient in the product. However, it's always a good idea to do a patch test before applying any new product to your face. Question 10: How long does it take for panthenol to show results? Answer: You'll notice soft and hydrated skin within a few hours. Within a few days, with continued use, your skin will begin to appear smoother, and within 2 to 4 weeks, barrier repair will be visible.

# Even after a busy day, work still doesn't get done? Correct these mistakes with your 'To-Do List' and adopt these tricks.




A to-do list should be tailored to your lifestyle and habits, not based on someone else's. It's likely that you'll make a list on the weekends in your diary or mobile phone of the tasks you need to complete in the coming days. People follow this to-do list for a day or two, but then the same old routine of procrastinating returns. What causes this and why completing a to-do list becomes so difficult? Let's find out. These are the reasons why to-do lists fail: Too long: In our enthusiasm, we create a long list, which, instead of motivating, discourages us. We don't know where to start and which task to tackle first. We feel pressured: Making a list creates the pressure to constantly check whether the tasks are completed or not. If tasks aren't completed on time, stress increases. Energy requirements vary: We often create to-do lists as if all tasks require the same amount of energy. This leads to further anxiety. Such to-do lists don't account for energy levels, time, or focus. Every day isn't the same: Even if we try to follow a to-do list, tomorrow won't be the same. Such a list doesn't allow for adjustments to the day. These tips will make your work easier: Avoid piling on tasks that can be completed immediately or in just two minutes. This will keep your to-do list focused only on tasks that require some planning. Start small: Never write a big commitment on your list, such as "I will walk ten kilometers every day" or "I will write so many words every day." Instead, start with small steps. For example, instead of aiming to walk ten kilometers in a single day, set a goal of one to two kilometers each day. You can do the same with other tasks. Mark, not write - Instead of making your list long, mark two to three important tasks on your calendar. This will make it easier for you to prioritize and you will not fall prey to decision fatigue. Don't feel guilty. Divide your work according to its importance, not on the basis of guilt. You can also divide it into three groups, such as: The most important tasks to be done today. Tasks to be done next week. Tasks that can be postponed for some time.

